तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बालको के उन्नति उत्सव में महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



# 2545 करोड़ का खनिज विभाग को मिला था राजस्व लक्ष्य, 90 फीसदी ही हो सका पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज विभाग बीते वित्तीय वर्ष में अपने लक्ष्य से पिछड़ गया था। वहीं इस वित्तीय वर्ष में भी जिले के खनिज विभाग को 2547 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया था। लक्ष्य को हासिल करने के लिए खनिज विभाग की टीम ने पूरा दमखंम दिखाया है और 2266 करोड़ रुपए हासिल करने में सफलता हासिल की है जो लगभग 90 प्रतिशत राजस्व लक्ष्य है। हालांकि लक्ष्य को पूरा करने में कामयाबी नहीं मिली लेकिन जिस तरह से विभाग की टीम ने काम किया है यह काफी हद तक टारगेट के करीब पहुंचने में कामयाबी मिली है।

अलग खबर

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज

## हर वर्ष राजस्व लक्ष्य बढ़ने की वजह से नहीं हो पा रहा है पूरा

**खास बातें**

- 2266 करोड़ रुपए अर्जित की राजस्व आय
- राजस्व वसूली के मामले में हमेशा अव्वल रहता था खनिज विभाग



**90 फीसदी ही पूरा हुआ लक्ष्य**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज विभाग को 2545 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया था। जिसके एवज में 31 मार्च की स्थिति में विभाग ने 2266 करोड़ का राजस्व लक्ष्य जुटा पाया है जो कुल राजस्व का 90 फीसदी है।

-प्रमोद कुमार नायक, उप संचालक खनिज विभाग कोरबा

## कोयले से ही मिलता है 99 फीसदी राजस्व

खनिज विभाग के सहायक उप संचालक प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि जिले में राजस्व वसूली में सबसे ज्यादा कोयले की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिले के प्रमुख कोयला खदानों में गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा एरिया, सरईपाली, बुड़बुड़, बांकीमोंगरा खदान शामिल है जहां से खनिज विभाग को लगभग 99 फीसदी राजस्व कोयले से ही मिलता है। बचे शेष राजस्व गौण खनिज रेत, गिट्टी, मुरुम और मिट्टी से भी राजस्व प्राप्त होता है। जिले में प्रतिवर्ष खनिज विभाग का राजस्व लक्ष्य बढ़ता ही जा रहा है जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों से विभाग राजस्व लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रही है।

विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 अपने लक्ष्य से पीछे हो गया था। दरअसल कोरबा राजस्व वसूली मामले में एक दशकों से भी अधिक रिकार्ड तोड़ने वाला पहला जिला माना ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल आज रहेंगे जिले के प्रवास पर



**कोरबा।** राज्यपाल रमेन डेका 1 अप्रैल को जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री डेका रायपुर लोकभवन से सवेरे 7.30 बजे सड़क मार्ग द्वारा मुंगेली जिले के चंदखुरी विश्राम गृह के लिए प्रस्थान करेंगे। ततपश्चात राज्यपाल सुबह 9 बजे जिले के कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप बांकीमोंगरा के लिए रवाना होंगे। यहां वे प्रातः 11 बजे आयोजित दिव्य श्री हनुमंत कथा एवं 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल श्री डेका दोपहर 12:30 बजे रतनपुर (बिलासपुर) स्थित विश्राम गृह के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

**कोरबा।** श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर आरपी नगर फेज-2 में भगवान श्री हनुमान के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा दी जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा, जो निरंतर चलता रहेगा। 2 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। हवन के उपरांत दोपहर 1:30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### ऑनलाइन कोचिंग के लिए आवेदन आज

**कोरबा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 जून से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को छग रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। अतः जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन पश्चात रोजगार विभाग के वेबसाईट पर अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सहित आवेदन छ0ग0 रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकते है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश 17 अप्रैल तक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। इन विद्यालयों का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु सघन तैयारी उपलब्ध कराना है। जारी समय-सारणी के अनुसार प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 11.59 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थी 18 अप्रैल से 21 अप्रैल के मध्य सुधार कर सकेंगे।

## मार्च महीने तक भुगतान के लिए मिला था आश्वासन

# बीते वर्ष के 4 महीने की कमीशन राशि नहीं मिली पीडीएस दुकान संचालकों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पीडीएस दुकान संचालकों को बीते वर्ष 2025 के 4 महीने की

**खास बात**

- प्रतिमाह 2 करोड़ रुपए की होती है कमीशन राशि

कमीशन राशि मार्च महीने के अंत तक नहीं मिली है। खाद्य विभाग ने कमीशन राशि से संबंधित 5 महीने की रिपोर्ट राज्य शासन को भेजी जा चुकी है और वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्ति तक मिलने की



फाइल फोटो

जानकारी दी गई थी। मार्च महीना समाप्त होने के बाद भी दुकान संचालकों को राशि मिलने का इंतजार बना हुआ है।

पीडीएस दुकान संचालकों को कमीशन राशि उनकी बिक्री के आधार पर तय की जाती है। यह कमीशन राशि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा भेजी जाती है। अलग अलग मापदण्डों पर आधारित कमीशन राशि जो राज्य सरकार द्वारा दी जाती है वह 90 पैसा प्रति क्विंटल और 30 पैसा प्रति क्विंटल केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है। जिले के 60 प्रतिशत पीडीएस दुकानों को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली कमीशन राशि मिलती है और 40 प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। अब तक दोनों ही कमीशन राशि पीडीएस दुकान संचालकों ⏭ शेष पेज 3 पर

### अभी भी बना है चावल का संकट

पीडीएस दुकानदार एक तरफ नहीं मिलने की मार झेल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ चावल की सही ढंग से आपूर्ति नहीं होने के कारण हितग्राहियों का आक्रोश भी झेल रहे हैं। मार्च महीने में 3 महीने का चावल दिए जाने की बात कही गई थी किंतु दुकानों की स्थिति उल्टी है। कुछ दुकानों में 2 माह का चावल भी नहीं पहुंचा है। चावल संकट की मार झेलने वालों में एपीएल हितग्राही सबसे ज्यादा प्रभावित है।

**कमीशन राशि नहीं आयी है**

सितंबर से दिसंबर 2025 तक की कमीशन राशि मार्च महीने तक आना था। जिसके लिए शासन को विभाग ने कमीशन राशि से संबंधित रिपोर्ट पहले ही भेज दी है। मार्च महीने तक आने की जानकारी मिली थी लेकिन नही आयी है अप्रैल महीने तक यह राशि आ जाएगी।

-घनश्याम कंवर, जिला खाद्य अधिकारी

# तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमार्ग गेट नंबर दो पर तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने नाबालिक सहित एक व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं नाबालिक घायल हो गए हैं। घायल को उपचार के लिए एनटीपीसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

श्याम नगर लाटा प्रदीप कुमार इंदीवार पिता बलदेव उम्र 45 वर्ष अपने नाबालिक भांजा प्रत्याशु नागेसिया के साथ सुबह लगभग 5.30 बजे अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एल 1065 में दर्री डेम तरफ घूमने जा रहे थे कि इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे प्रदीप का मौके पर ही मौत हो गई और उसके भांजा प्रत्याशु घायल हो गया। घायल प्रत्याशु ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना दर्री पुलिस को दी। दर्री पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नाबालिक को एनटीपीसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। वहीं मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वहीं अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# 26 सिलेंडर जब्त होने के बाद खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन द्वारा प्रदेश भर में चलाए गए अभियान के तहत 375 प्रकरण तैयार

**खास बातें**

- गैस की कालाबाजारी रोकने विभाग ने शुरू किया था अभियान
- एक माह में महज 6 प्रकरण तैयार किए गए

कर 3 हजार से अधिक सिलेंडर जप्त किए गए थे उसमें कोरबा जिले के खाद्य विभाग के द्वारा 6 प्रकरण तैयार कर 26 सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही शामिल है। जबकि शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में ठेले गुमटियों से लेकर रेस्टोरेंट और होटलों तक कामर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग बेधड़क हो रहा है।

मीडिल ईस्ट में युद्ध शुरु होने के बाद से सबसे बड़ी समस्या घरेलू गैस की सप्लाई बाधित होने के रुप में सामने आयी और इसकी कालाबाजारी जो पूर्व से हो रही थी वह रफ्तार पकड़ती उसके पूर्व खाद्य विभाग ने घरेलू सिलेंडर का कामर्शियल उपयोग किए जाने को लेकर होटल रेस्टोरेंट सहित जनरल स्टोर में जब छापामार की कार्यवाही की तो घरेलू सिलेंडरों के उपयोग के मामले ताबड़तोड़ पकड़ में आने लगे और इस दौरान विभाग के द्वारा केवल 6 प्रकरण ही तैयार किए गए जिसमें महज 26 सिलेंडर जप्त किए गए हैं। इस तरह की कार्यवाही विभाग के द्वारा केवल शहरी क्षेत्र में ही आयी है। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी बालको, कुसमुण्डा, दीपका जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में भी हो रही है इन क्षेत्रों के गुमटियों और होटल रेस्टोरेंट में कामर्शियल सिलेंडरों की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किए जाने की शिकायतें सामने आयी है। आम लोगों को उपनगरीय क्षेत्रों में भी शहर में हुई कार्यवाही की तरह इंतजार बना हुआ है।



फाइल फोटो

### बुकिंग के 20 दिन बाद मिल रहा सिलेंडर

सिलेंडर को लेकर मारामारी अभी भी कम नहीं हुई है। जिले के कई क्षेत्रों में अभी भी बुकिंग के 20 दिन बाद सिलेंडर मिल रहा है और पहली बुकिंग के 25 दिन बाद दूसरी बुकिंग का नियम चालू किया गया है लेकिन उसके बावजूद होटलों गुमटियों में घरेलू सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। गैस एजेंसियों में सिलेंडर की बुकिंग कराने पूर्व की अपेक्षा लोगों की संख्या ज्यादा हो रही है। हालांकि एजेंसी संचालक ऐसे किसी भी मारामारी से इंकार करते हैं।

# मंत्री के काफिले पर खेल-खेल में बच्चों ने फेंका पत्थर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का काफिला एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकली थी। इस दौरान सड़क किनारे कुछ नाबालिक बच्चों ने खेल खेल में ही मंत्री लखनलाल देवांगन के काफिल के गाड़ी पर पत्थर फेंक दिया। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किशोरों को हिरासत में ले लिया था लेकिन बाद में समझाइश के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को साहू समाज के भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन जा रहे थे। इस दौरान उनके काफिले में खड़ी एक गाड़ी पर अचानक पत्थर का टुकड़ा आकर गिरा। जिसकी सूचना चौकी मानिकपुर को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में जांच शुरू की और मौके पर मौजूद चार नाबालिगों को चौकी बुलाकर पूछताछ की। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह कोई सुनियोजित पथराव नहीं था। बल्कि खेल खेल में ही पत्थर फेंका गया था। घटना की जानकारी मिलने पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्वयं चौकी प्रभारी ⏭ शेष पेज 3 पर

### ईंटों से लदा तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झोराघाट पिकनिक स्पॉट जाने वाले मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ईंटों से लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त ट्रैक्टर की चपेट में कोई राहगीर नहीं आया, जिससे एक बड़ी जनहानि होने से बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके कारण ईंटों से लदी ट्रॉली सहित पूरा ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर में लदी हजारों ईंटें सड़क पर बिखर गईं, जिससे मार्ग पर आवागमन भी कुछ देर के लिए बाधित रहा। घटना के समय आसपास कुछ लोग मौजूद थे, जो ट्रैक्टर को अपनी ओर आता देख समय रहते दूर हट गए।



## खबर संक्षेप

### राहगीर से मारपीट कर लूट, 4 युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** राहगीर से मारपीट कर नकद रकम लूटने वाले 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि 30 मार्च को चौहा निवासी रामप्यारे राय पिता स्व. राजाराम राय 62 साल डगनियां से शादी कार्यक्रम के बाद वापस घर लौट रहे थे। चकरबेढा व डगनियां के बीच युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए जेब से 1400 रुपए लूट लिया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर रोशन भंडारी, सुमित दिनकर, सुमित टंडन, मंजेश खुंटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवको ने पीड़ित से मारपीट कर पैसा लूटना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू फरसा लहराते 4 बदमाश गिरफ्तार



**बिलासपुर।** चाकू, फरसा लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि जरहाभाठा मिनीबस्ती के बदमाश चाकू, फरसा लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस मौके पर दबिश देकर जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी अभयन कोसले पिता अजय कोसले 20 साल, रामा कुर्रे पिता राजू कुर्रे 19 साल, देव सिदार पिता स्व. राज सिदार 20 साल, समीर भास्कर पिता शिव कुमार भास्कर 20 साल को पकड़कर 3 चाकू, 1 फरसा बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं राकेश ओगले पिता स्व. किशोर 29 साल मगरपरा मरारगली निवासी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### ट्रैक में मिली बालिका की लाश की हुई शिनाख्त



**बिलासपुर।** रेलवे ट्रैक में मिली बालिका की लाश की शिनाख्ती हो गई है। 4 दिन पहले खैरागढ़ से लापता हुई थी। हत्या करने के बाद लाश रेलवे ट्रैक में फेंकने की बात कहीं जा रही है। 29 मार्च की सुबह मस्तूरी किसान परसदा के रेलवे ट्रैक में एक बालिका की लाश मिली थी। मृतका का हाथ कट गया था और शरीर में चोट के निशान थे। वह लोवर टीशर्ट पहनी हुई थी। पुलिस मृतका के पहचान कार्रवाई में लगी हुई थी। 30 मार्च को खैरागढ़ पुलिस ने मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन से संपर्क कर रेलवे ट्रैक में मिली बालिका के लाश के संबंध में जानकारी ली। उन्हें वाट्सएप में मृतका की फोटो भेजी गई। उसके बाद परिजन मस्तूरी आकर मृतका की पहचान खैरागढ़ चिचोला ठेलकाडीह निवासी दीपिका वर्मा पिता शैलेन्द्र वर्मा 14 साल के रूप में की। मस्तूरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। टीआई अजहरउद्दीन ने बताया, मृतका 28 मार्च को रहस्यमढ़ से लापता हो गई थी। 29 मार्च को परिजन ने खैरागढ़ थाने में उसकी गुम होने की रिपोर्ट लिखाई थी। खैरागढ़ पुलिस ने बालिका के हत्या होने व आरोपियों को पकड़ लेने की जानकारी दी है।

### कार में पत्थरबाजी महिला घायल, हमलावर हिरासत में

**बिलासपुर।** बीती रात रतनपुर रोड पर चलती कार में पथराव किया गया जिससे कार का कांच टूट गया और महिला को चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया है। 30 मार्च की रात कार में मध्यप्रदेश के लोग जा रहे थे। बादल महल के पास उनकी कार में पथराव कर दिया गया। जिससे सामने का कांच टूट गया और सामने सीट पर बैठी महिला घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

---

**इनकम टैक्स एक्ट, सख्त ट्रेन टिकट रिफंड नियम** | **यूपीआई/एटीएम के नए नियम और एलपीजी कीमतों में बदलाव शामिल**

# आज से बदल जाएंगे ये नियम, लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे

**बिलासपुर।** 1 अप्रैल 2026 से बैंकिंग, टैक्स, यात्रा और डिजिटल पेमेंट से जुड़े कई बड़े नियम बदल गए हैं, जो लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे। मुख्य बदलावों में नया इनकम टैक्स एक्ट, सख्त ट्रेन टिकट रिफंड नियम, यूपीआई/एटीएम के नए नियम और एलपीजी कीमतों में बदलाव शामिल हैं।

### इनकम टैक्स में बड़ा बदलाव




इस साल से नया इनकम टैक्स कानून लागू होगा, जो पुराने सिस्टम की जगह लेगा। अब टैक्स से जुड़ी प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। पहले 'फाइनेंशियल ईयर' और 'असेसमेंट ईयर' अलग-अलग होते थे, लेकिन अब केवल एक 'टैक्स ईयर' रहेगा। इसके साथ ही 1 अप्रैल से आईटीआर -3 और आईटीआर-4 भरने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है।

### फास्टटैग महंगा होगा

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई ने फास्टटैग के सालाना पास की कीमत बढ़ा दी है। अब यह 3,000 रुपए की जगह 3,075 रुपए का हो जाएगा। यह वार्षिक पास गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए है और इसका इस्तेमाल करीब 1,150 टोल प्लाजा पर किया जा सकता है।

### पैन कार्ड के नए नियम

अब पैन कार्ड बनवाने के लिए सिर्फ आधार कार्ड काफी नहीं होगा। अभी तक लोग सिर्फ आधार कार्ड के जरिए पैन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते थे लेकिन 31 मार्च 2026 के बाद यह सुविधा खत्म हो जाएगी। 1 अप्रैल से आवेदन करते समय जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, 10वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या मजिस्ट्रेट द्वारा जारी हलफनामा जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे।

### रेलवे टिकट कैंसिलेशन नियम बदले

भारतीय रेलवे ने टिकट रद्द करने के नियम अपडेट किए हैं। इसके तहत अब रिफंड पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपने टिकट कितनी जल्दी कैंसिल किया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले तक ही टिकट कैंसिल करने पर रिफंड मिलेगा। अगर आप 8 घंटे से कम समय में टिकट रद्द करते हैं, तो आपको कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा।

### टेक होम सैलरी हो सकती है कम

अगर नए लेबर कोड लागू होते हैं, तो लोगों की सैलरी स्ट्रक्चर बदल जाएगी। अब कंपनियों को आपकी कुल सैलरी का आधा हिस्सा बेसिक पे रखना होगा। इससे पीएफ में ज्यादा पैसा जाएगा, लेकिन हर महीने हाथ में मिलने वाली सैलरी थोड़ी कम हो सकती है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### एटीएम ट्रांजैक्शन में बदलाव

अब एटीएम से सीमित फ्री ट्रांजैक्शन मिलेंगे, उसके बाद चार्ज देना होगा। जैसे एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पांच फ्री ट्रांजैक्शन के बाद यूपीआई कैश विद्ड्रॉल पर प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपए शुल्क लिया जाएगा। उपभोक्ताओं की जेबों पर इससे भार आने की बात कही जा रही है।

### डिजिटल पेमेंट में बदलाव

इन सब से अलग अब डिजिटल पेमेंट में सुरक्षा बढ़ेगी और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूरी होगा। पहले कई बार सिर्फ ओटीपी डालकर पेमेंट पूरा हो जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब हर ट्रांजैक्शन के लिए दो तरह की पहचान जरूरी होगी। जैसे ओटीपी के साथ पिन, पासवर्ड या फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल करना पड़ेगा। यानी अब पेमेंट में एक एक्स्ट्रा सुरक्षा लेयर जुड़ जाएगी।

### क्रेडिट स्कोर अपडेट तेजी से होगा




रिजर्व बैंक आफ इंडिया के नए नियम के अनुसार, अब बैंकों को हर हफ्ते लोन से जुड़ी जानकारी अपडेट करनी होगी। इससे आपका क्रेडिट स्कोर जल्दी अपडेट होगा।

### ग्रेच्युटी में होगा फायदा

बेसिक सैलरी बढ़ने से ग्रेच्युटी की रकम भी बढ़ेगी। यानी नौकरी छोड़ने या रिटायरमेंट के समय आपको ज्यादा पैसा मिल सकता है।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स नियम

अगर आपने गोल्ड बॉन्ड शेयर बाजार से खरीदे हैं, तो अब उस पर 12.5% टैक्स लगेगा। हालांकि, आरबीआई से सीधे खरीदे गए बॉन्ड को मैच्योरिटी तक रखने पर टैक्स छूट मिलती रहेगी। इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

---

**हजारों लीटर डीजल पी चुकी है गाड़ियां, मेंटनेंस के खर्च हो चुके है लाखों रूपए**

# परिवहन रजिस्ट्रेशन के बिना 4 सालों से सड़कों पर दौड़ रही स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की सड़कों पर दौड़ रही एम्बुलेंस का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। यानी इन गाड़ियों का अबतक आरसी जारी नहीं हो सका है लेकिन यातायात पुलिस और आरटीओ के नाक के नीचे से गुजरने वाली इन गाड़ियों पर कोई रोक टोक नहीं है। खास बात यह है कि सरकारी पेट्रोल पंपों से बकायदा इन गाड़ियों में डीजल भराए जाते है और मेंटनेंस में हर साल लाखों रूपए खर्च कर दिए जा रहे है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

स्वास्थ्य विभाग में अप्रैल 2022 में 4 एम्बुलेंस मंगाई गई। एम्बुलेंस खरीदी के लिए एसईसीएल ने सीएमआर मद द्वारा फंड मुहय्या कराई थी। तत्कालीन सीएमएचओ द्वारा महिंद्रा कंपनी की फोर्स टोपान वाहन खरीदी गई, लेकिन आज तक इन वाहनों का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। गाड़ियों को खरीद कर सीएमएचओ ने बिल्हा, कोटा, मस्तुरी और तखतपुर को दे दिया था, इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी गाड़ियों को भुल गए और सभी गाड़ियां धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रही है। खास बात यह है कि इन गाड़ियों के लिए मेंटनेंस खर्च में स्वास्थ्य विभाग लाखों रूपए फूंक रहा है, वहीं गाड़ियों को दौड़ाने के लिए सरकारी पेट्रोल पंपों से डीजल भराया जा रहा है लेकिन इन गाड़ियों का नंबर प्लेट नहीं होने के बाद भी सड़कों पर यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने चैकिंग नहीं की है, जिसके चलते इनके चालक मर्जी से गाड़ियां दौड़ाते रहे और सरकार के विभाग फंडों का उपयोग करते हुए लाखों रूपए खर्च किए जा रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से आंखें मुंद बैठा है।




### 40 हजार से अधिक चल चुकी है गाड़ियां



बताया जा रहा है कि जिले की सभी ब्लॉकों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इन गाड़ियों का उपयोग किया जा रहा है। मरीजों को आपातकालीन स्थिति में अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं वैक्सीनेशन कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिशिर में उपयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 4 गाड़ियों 40 हजार से अधिक चल चुकी है, लेकिन इसके बाद भी इन गाड़ियों का आरसी रजिस्ट्रेशन नहीं कराना समझ के परे है।

### वीवीआईपी ड्यूटी में लगी है एम्बुलेंस

रजिस्ट्रेशन के बगैर चल रही गाड़ियों पर परिवहन विभाग द्वारा हजारों रूपए का चालान ठोका जाता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियां वीवीआईपी ड्यूटी में लगाई जाती है। जहां पुलिस और यातायात के साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी रहती है लेकिन इसके बावजूद 4 सालों में कभी भी इन गाड़ियों की पुछपरख नहीं की गई। इसके बाद भी इन गाड़ियों को पकड़ पाना आसान नहीं है।

### जानकारी ली जाएगी

बिना रजिस्ट्रेशन के गाड़ियों को चलाना गंभीर विषय है, डीलर पाइंप पर ही रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं कराया गया है और इन गाड़ियों पर नंबर प्लेट क्यों नहीं है, इसकी जानकारी ली जाएगी।

**-असीम माथूर,** आटीओ, परिवहन विभाग

### प्रक्रिया पूरी की जाएगी

मेरे कार्यकाल की गाड़ियां नहीं है, जिन नई गाड़ियों को लाया जा रहा है, उनका रजिस्ट्रेशन मैंनें कराया है। इन गाड़ियों के विषय में जानकारी ली जाएगी, और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**-शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

---

# हुजूम लगाकर जुआ खेलते जुआरियों का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**मचा हड़कंप**



पचपेड़ी क्षेत्र में जुआ खेलते जुआरी।

पचपेड़ी क्षेत्र में हुजूम लगाकर जुआ खेलते सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जुआरी बेखौफ होकर जुआ खेल रहे है। वीडियों ने क्षेत्र के पुलिसिंग पर सवालिया निशान लगा दिया है।

- प्रधान आरक्षक पर गिरी गाज, लाइन अटैच

पचपेड़ी क्षेत्र में 31 मार्च को सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में जुआ खेलते जुआरियों का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम भरारी धान मंडी के पीछे की बताई जा रही है। इसमें जुआरी बेखौफ तिरपाल बिछाकर आराम से बैठकर बेखौफ जुआ खेलते दिख रहे हैं। उनके चेहरे पर पुलिस के द्वारा पकड़े जाने का भय भी दिखाई नहीं दे रहा है। जुआरियों के जारी वीडियो ने क्षेत्र के पुलिसिंग की पोल खोल दी है। पूर्व में भी पचपेड़ी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुआ चलने की शिकायत थी। आरोप है कि जुआ खिलाने वाले पुलिस से साठगांठ कर बेखौफ जुआ चला रहे थे।

### प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

मामला सामने आने के बाद 31 मार्च को एसएसपी रजनेश सिंह ने पचपेड़ी थाना के प्रधान आरक्षक तेज कुमार रात्रे को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं हाईकोट में पदस्थ प्रधान आरक्षक अरूण मिश्रा का पचपेड़ी थाना तबादला किया गया है। हालांकि आदेश में प्रशासनिक कारण से तबादला होना बताया गया है। जुआ का वीडियो वायरल होने के बाद प्रधान आरक्षक का जुआ खिलाने वाले से संलिप्तता होने पर कार्रवाई करने की विभाग में जोरों से चर्चा है।

### पूर्व में मस्तूरी टीआई हुए थे निलंबित

पूर्व में डीजीपी डीएम अवस्थी के द्वारा मस्तूरी क्षेत्र में टेंट लगाकर जुआ खिलाने की शिकायत मिलने पर तत्कालीन मस्तूरी टीआई को निलंबित कर दिया गया था। मस्तूरी, पचपेड़ी, मल्हार क्षेत्र में जुआरी सक्रिय होकर संगठित रूप से बड़े पैमाने पर जुआ खिलाते हैं। एक बार फिर जुआरियों के वीडियो ने क्षेत्र के पुलिसिंग की पोल खोलकर रख दिया है।

### पूर्व में छापामारा गया था, नहीं मिले थे जुआरी

जांजगीर चाम्पा जिला के दबंग नामक जुआरी के द्वारा पचपेड़ी क्षेत्र में जुआ खिलाने की शिकायत मिली थी। एक दो बार पुलिस टीम द्वारा छापामार कार्रवाई भी की गई थी किन्तु जुआरी नहीं मिले थे। एसएसपी के द्वारा एसडीओपी व थाना प्रभारियों को जुआरी के खिलाफ कार्रवाई करने व संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

**-मधुलिका सिंह,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

---

# शराब देने से मना करने पर युवकों ने बार संचालक को पीटा

**बिलासपुर।** आधी रात शराब देने से मना करने पर युवकों ने बार संचालक के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस गाड़ी की सायरन सुनकर हमलावर वहां से भाग निकले। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- पुलिस गाड़ी की सायरन सुनकर भागे हमलावर

तारबाहर पुलिस के अनुसार भारतीयनगर एल 3 निवासी मो. तौसिफ पिता मो. अनिस ने रिपोर्ट लिखाई है कि वे एमिगोस बार का संचालक है । 31 मार्च की रात 12.50 बजे वे राजेन्द्रनगर में थे। इसी दौरान मोबाइल में टिकरापारा निवासी नाजिम खान ने उन्हें फोन कर बोला शराब चाहिए। उन्होंने उसे बार बंद हो गया है और शराब नहीं मिलने की बात कही। इस पर नाजिम उनके साथ गाली गलौज कर बार में तोड़फोड करने की धमकी देने लगा। दी। मो. तौसिफ बार पहुंचे तो नाजिम खान, सैय्यान बुखारी, सलमान खान वहां खड़े हुए थे। फिर से तीनों युवक उनसे शराब देने की मांग करने लगे। उन्होंने मना किया तो शराब पीने के लिए पैसा देने की मांग करते हुए दूसरे जगह से शराब खरीदने की बात कहने लगे। पैसा देने से मना किया गया तो तीनों युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और डंडा, हाथ से मारपीट करने लगे। वहां मौजूद एतेसाम खान ने बीच बचाव किया और तारबाहर पुलिस को घटना की सूचना दी। दूर से पुलिस गाड़ी की सायरन सुनकर तीनों हमलावर वहां से भाग गए।

# कपड़ा खरीदकर जा रहे बाइक सवार दो भाइयों को हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कपड़ा खरीदकर जा रहे बाइक सवार दो भाईयों को हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि मानिकचौरी निवासी गुलशन मरावी 30 साल अपने भाई संजू मरावी के साथ कपड़ा खरीदने मल्हार आए थे। शाम 5 बजे खरीददारी करने करने के बाद दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे। बिनौरी के पास पचपेड़ी की ओर से जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीजी, 5174 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में गुलशन मरावी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और संजू घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर पचपेड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी और सड़क से किनारे किया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस



दुर्घटकार के बाद पलटी हाइवा।

---

# महान-3 खदान को लेकर ग्रामीणों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रतापपुर इलाके में एसईसीएल की महान-3 खदान और भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। खदान से प्रभावित ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उन्होंने जिला प्रशासन और एसईसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर अपनी समस्याओं को रखा। यह बैठक उस बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद हुई, जब कुछ दिन पहले कांग्रेस और प्रभावित ग्रामीणों ने खदान क्षेत्र में कोयला परिवहन को करीब 10 घंटे तक बंद कर दिया था। दरअसल विवाद की शुरुआत उस कार्रवाई से हुई, जब प्रतापपुर क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज के पैतृक मकान पर रात के समय बुलडोजर चलाने का आरोप लगा।

- जिला प्रशासन-एसईसीएल से बैठक रही बेनतीजा



ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के मकान को तोड़ दिया गया जिससे इलाके में भारी आक्रोश फैल है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम कार्यालय का घेराव के बाद खदान परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ घंटों प्रदर्शन किया था। साथ ही प्रशासन व एसईसीएल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इसी मुद्दे को लेकर आज 10 गांवों के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचा और कलेक्टर तथा एसईसीएल के जीएम के साथ विस्तृत चर्चा की। हालांकि बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने इसे बेनतीजा बताते हुए कहा कि खदान क्षेत्र में आने वाली जमीन का पूरा ब्यौरा और दस्तावेज सार्वजनिक किए बिना एसईसीएल को काम नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं और देश को कोयले की जरूरत है तो कोयला मिलेगा, लेकिन पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रभावित पंचायतों में अब तक ग्राम सभा नहीं कराई गई, जबकि यह पांचवीं अनुसूची क्षेत्र है और यहां पेसा कानून लागू होता है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि प्रभावित गांवों में ग्राम सभा कराकर ही रहेंगे और अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। जिला प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों की सभी आपत्तियों और समस्याओं से एसईसीएल प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है ।

---



# 12 हाथियों का दल पहुंचा सीतापुर-मैनपाट मुख्य मार्ग के किनारे, आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल से उड़ीसा के सफर पर निकले हाथियों का गौतमी दल वापस लौटते ही अपनी ताकत दिखाना शुरू कर दिया है। हाथियों का दल मंगलवार को पूरे दिन मैनपाट-सीतापुर मुख्य मार्ग के समीप जंगल में डेरा जमाए रहा। हाथियों के मुख्य मार्ग के निकट पहुंचने की सूचना पर वनकर्मियों ने सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया है।

मैनपाट एवं सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 9 सदस्यीय हाथियों का दल अगस्त महीने में उड़ीसा भ्रमण पर चला गया था। हर साल हाथियों का दल अपने निर्धारित समय से उड़ीसा की ओर जाता है तथा कुछ महीने भ्रमण करने के बाद वापस लौट आता है। पिछले साल दल के पांच हाथी उड़ीसा में ही रूक गए थे तथा 9 हाथी वापस लौटे है। इस बार दल में 3 सदस्यों की वृद्धि होने के कारण हाथियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। एक सप्ताह पूर्व ही हाथियों का दल उड़ीसा से वापस कापू जंगल पहुंचा था तथा कापू जंगल में कुछ समय गुजारने के बाद हाथी चोरकी पानी, रगुआपारा, डाटीढाब, घटगांव के रास्ते दोपहर 12 बजे माटी घाट स्थित फारेस्ट रेस्ट हाउस से सटे जंगल में पहुंच गए। हाथी जंगल में कुछ देर इधर-उधर घूमने के बाद मैनपाट-सीतापुर मुख्य मार्ग के किनारे पहुंच गए तथा देर शाम तक डेरा जमाए रहे। हाथियों द्वारा सड़क से गुजरने वाले लोगों पर हमला करने की संभावना को देखते हुए वनकर्मियों ने ग्राम विजलवा एवं वंदना में सड़क पर बैरिकेडिंग लगा आवागमन को रोका।

## खबर संक्षेप

### प्राशा चैनपुर के प्रधानपाठक तिवारी हुए सेवानिवृत



**हरदीबाजार।** कटघोरा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला चैनपुर बसाहट के प्रधानपाठक प्रेमशंकर तिवारी शिक्षा के क्षेत्र में 40 वर्ष सेवा देने के बाद हुए सेवानिवृत श्री तिवारी का प्रथम नियुक्ति प्राथमिक शाला सलोरा (ख) में 9 जुलाई 1986 में हुआ था जहां पांच वर्ष सेवा देने के बाद 1992 से 2010 तक प्राथमिक शाला पोड़ी में सेवा दिए जहां से प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हो कर 29 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2026 तक प्राथमिक शाला चैनपुर बसाहट में कार्य करते हुए प्रेमशंकर तिवारी के सेवानिवृत होने पर स्कूल के शिक्षको द्वारा सम्मान समारोह आयोजन कर नम आंखों से बिदाई दिया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक अनिल कौशिक के द्वारा संबोधित करते हुए श्री तिवारी का शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया है उनका सराहना किया गया। साथ ही शिक्षिका दिव्या तिवारी, सलोमी मार्ग्रेट गुहा, स्वर्णलता कौशिक, प्रयाग सिंह कंवर, सूर्य भूषण पैकरा, शशि राठौर ने भी प्रेमशंकर तिवारी के 16 वर्षों की कार्य के सराहना करते हुए संबोधित किया एवं उनके कार्य शैली स्कूल के प्रति निष्ठा बच्चों से प्रेम एवं स्कूल की हर कार्य में अपना योगदान देना ऐसे उनके हर कार्य को देखते हुए स्कूल के शिक्षकगण एवं छात्रो सहित ग्राम के वरिष्ठजनों ने विदाई के अवसर पर भेंट स्वरूप शाल श्रीफल माला बुके देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष लोकेश्वरी बाई, ग्राम के वरिष्ठ जन बाबूलाल, जगदीश प्रसाद जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मीन भट, सीता बाई, कनक लता कश्यप, फिरतीन बाई सहित ग्राम के महिलाओ एवं स्कूल के बच्चों द्वारा नम आंखों से भावभीनी बिदाई दिया गया।

### 12वीं हिंदी परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र वितरण होगा आज

**जांजगीर-चांपा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसी के तहत परीक्षा के प्रवेश पत्रों का वितरण 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे किया जाएगा। प्रवेश पत्र वितरण का कार्य शासकीय बहुउद्देशीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02, जांजगीर में संपन्न होगा। समन्वयक केंद्र जांजगीर द्वारा जारी सूचना में सभी शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने-अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रवेश पत्र प्राप्त करने के पश्चात संबंधित विद्यार्थियों को समय पर वितरित करें, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति का निर्वाचन, 15 को

**सक्ती।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती की प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन 15 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह निर्वाचन प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभागार में संपन्न होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल द्वारा जिला शाखा सक्ती अंतर्गत आयोजित इस निर्वाचन कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों से अनिवार्य उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी सदस्यों से नियत तिथि और समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

### डभराखुर्द में हनुमान जयंती का आयोजन कल

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द के श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर 2 अप्रैल दिन गुरुवार को 24 घंटे का रामायण श्री राम चरित्र मानस गायन, वादन और कथा का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। ग्राम डभराखुर्द के हनुमान मंदिर के पुजारी अंकुर दास वैष्णव ने बताया कि 2 अप्रैल गुरुवार को 24 घंटे का अखंड राम चरित्र मानस रामायण होगा। इसके साथ ही संध्या 7 बजे हनुमान का महा आरती भी होगा। उसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसआईएस लिमिटेड रायगढ़ ब्रांच द्वारा जनपद पंचायत डभरा में 1 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 2 अप्रैल को, जनपद पंचायत मालखरौदा और जनपद पंचायत सक्ती में 3 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। वहीं एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे।

## जिले में 30 स्थानों में उपस्वास्थ्य केंद्र अन्य भवन का चल रहा निर्माण कार्य

# स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवन स्थल पर नहीं लगे बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएमएफ से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में चल रहे निर्माण कार्यस्थल में कार्य की लागत और उसके पूरे होने के समय संबंधी आवश्यक समझे जाने वाले निर्माण बोर्ड के नहीं लगे होने से आम ग्रामवासी व जनप्रतिनिधियों को भी विभाग के कार्यों के संबंध में जानकारियां नहीं मिल पाती। विभाग की इस लापरवाही को लेकर जनपद और जिला पंचायत के सदस्यों ने भी होने वाली बैठकों में नाराजगी जता चुके हैं।

**खास बात**

- निर्माण लागत से लेकर कार्य पूरा होने के समय की भी नहीं मिल रही जानकारी



निर्माणाधीन भवन।

डीएमएफ से जिले में इस समय शिक्षा विभाग से लेकर स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के भवन निर्माण के कार्य स्वीकृत किए जाने के बाद टेंडर प्रक्रिया के बाद ठेकेदारों को आबंटित किए गए इनमें स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 30 स्थानों में उप स्वास्थ्य केंद्र व अन्य भवन का निर्माण शुरु कर दिया गया है लेकिन ठेकेदारों ने नियम के तहत निर्माण से संबंधित सार्वजनिक की जाने वाली जानकारी का बोर्ड निर्माण स्थल में नहीं लगाया है जिससे आम ग्रामवासी व जनप्रतिनिधियों को यह जानकारी नहीं हो पा रही है कि भवन का निर्माण किस मद से कितनी लागत से हो रहा है और कब तक पूरा होगा। ऐसी तमाम तकनीकी जानकारियां नहीं मिल पा रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों को तो निर्माण कार्य के भूमिपूजन के समय जानकारी मिलती है कि उनके क्षेत्र में कोई भवन स्वीकृत हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने जनपद व जिला पंचायत की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया है। उसके बावजूद निर्माण स्थल में ऐसे बोर्ड नहीं लगे।

**मजदूरों की संख्या भी कम**

निर्माण कार्य जितनी बड़ी लागत का होता है उसमें नियोजित होने वाले मजदूरों की संख्या भी निर्धारित रहती है। किंतु ठेका कंपनियों के द्वारा निर्माण एजेंसियों के प्रावधानों के तहत मजदूरों की संख्या तय नहीं की जाती। जिसकी वजह से निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर ने अपने दौरे के तहत निर्माण कार्यों के धीमी रफ्तार से होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली थी उन्होंने ऐसे ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे जो निर्धारित समय पर कार्य शुरु नहीं कर सके हैं।

# आश्रम शाला के भवन में प्रधानपाठक का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुतर्रा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अमलीकुंडा संकुल केंद्र के पीएम श्री आश्रम शाला में प्रधानपाठक के द्वारा शाला परिसर में बने कक्ष में परिवार सहित कब्जा कर निवास किया जा रहा है जिसे नियम विरुद्ध बताया गया है। अधीक्षक के द्वारा भी इस मामले में किसी तरह का संज्ञान नहीं लिया गया।

**खास बात**

- पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंकुलीकुंडा संकुल का मामला

पीएमश्री आश्रम शाला मेराई संकुल अमलीकुंडा विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा के प्रधान पाठक मनीराम कहरा के द्वारा आश्रम मेराई में अपने परिवार सहित अवैध रूप से कब्जा किया है जो कि नियम के विरुद्ध है क्योंकि आश्रम मेराई में अधीक्षक किशोर कंवर की नियुक्ति अगस्त माह में हो चुकी है। आज तक प्रधान पाठक (पूर्व हॉस्टल अधीक्षक) द्वारा आश्रम को नहीं सौंपा गया है क्योंकि आश्रम में किसी भी बाहरी व्यक्ति को रहने की अनुमति नहीं है फिर भी वह कब्जा किया हुआ है। जाहिर सी बात है कि मनीराम कहरा अपने दबदबा के चलते अधीक्षक पर दबाव बनाकर निवास कर रहा है जो कि शासन के नियमों की अवहेलना है और सब को कहता है कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता सभी अधिकारी मेरे जान पहचान के है।

**उन्हें परेशानी नहीं**

पीएम श्री स्कूल होने के कारण इसकी नियमित देखरेख आवश्यक है। प्रधानपाठक स्कूल परिसर में बने कक्ष में रहते हैं वह स्वयं भी बगल के कमरे में निवास करते हैं। प्रधानपाठक के स्कूल परिसर के बने कमरे में निवास करने पर उन्हें कोई परेशानी नहीं है और ना ही किसी ने ऐसी कोई शिकायत की है। के के कंवर

-**अधीक्षक,** आश्रम शाला मेरई

# घर घुसकर मारपीट मामले में महिला समेत 10 गिरफ्तार



**अकलतरा।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में महिला समेत 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम रोगदा की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च 2026 की रात्रि करीब 8:15 बजे आरोपीगण प्रार्थी प्रकाश नोरगे के घर में घुस गए और गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। मुख्य आरोपी विनोद कुमार नोरगे ने लाठी से प्रार्थी के सिर, हाथ और पैरों पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान प्रार्थी की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के पुत्र अभिषेक, सुमित और अमित पर भी आरोपियों ने लाठियों से हमला कर दिया। आरोपियों द्वारा प्रार्थी की बेटी को घसीटकर घर से बाहर निकालने की भी घटना सामने आई है, जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त लाठी और बेल्ट को जब्त किया गया तथा गवाहों के बयान दर्ज कर स्थल निरीक्षण किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 331(6), 115(2) एवं 191(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# स्थानीय बेरोजगारों की अनदेखी, 60 किमी की रोजगार दो न्याय यात्रा कर घेरेंगे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

औद्योगिक जिले कोरबा में रोजगार का मुद्दा एक बार फिर सियासी तापमान बढ़ा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) मनमोहन राठौर ने जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रोजगार दो न्याय यात्रा आंदोलन की घोषणा कर दी है। श्री राठौर ने कलेक्टर को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि जिले के दीपका, गेवरा, कुसमुण्डा, पाली और कोरबा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन हो रहा है लेकिन स्थानीय भू-विस्थापितों और प्रभावित ग्रामीणों एवं जिलेवासी को रोजगार देने में लगातार अनदेखी की जा रही है।

**खास बात**

- एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ग्रामीण मनमोहन राठौर ने दी आंदोलन की चेतावनी



एनएसयूआई कार्यकर्ता।

उन्होंने आरोप लगाया कि ठेका कंपनियां बाहरी राज्यों के एवं अन्य शहरों के लोगों को प्राथमिकता दे रही हैं, जबकि नीति के अनुसार पहले अधिकार स्थानीय प्रभावितों का होना चाहिए। स्थानीय युवाओं के साथ अन्याय का आरोप एनएसयूआई का कहना है कि खदानों और परियोजनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित होने के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। इससे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ रहा है। प्रशासन पर उदासीनता के गंभीर आरोप 16 मार्च को दिए गए आवेदन के बावजूद 7 दिन के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए गए हैं। संगठन ने इसे टालमटोल और निष्क्रियता करार दिया है। 10 अप्रैल तक समाधान नहीं होने पर ग्राम पंचायत बोईदा (पाली) से 60 किमी लंबी रोजगार दो न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जो दो दिन में पूरी होकर तीसरे दिन से अनिश्चित कालीन कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी।

# स्काउट्स, गाइड्स ने पचमढ़ी में की साहसिक गतिविधियां



पचमढ़ी कार्यक्रम में शामिल स्काउट गाइड्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के स्काउट्स, गाइड्स ने मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में साहसिक गतिविधियों में भागीदारी करते हुए व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन के गुर सीखे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा पचमढ़ी स्थित नेशनल एडवेंचर इंस्टीटयूट में 20 से 24 मार्च तक राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोरबा सहित जांजगीर चांपा, दुर्ग, बालोद, धमतरी, कांकेर, बालोद जिले से 300 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कोरबा जिले के 9 शासकीय विद्यालयों सेजेस पंप हाउस, उतरदा, सण्डैल, पीएश्री सेजेस बांकीमोंगरा, स्याहीमुड़ी, नवापारा, साडा कन्या, घुड़देवा, कन्या स्कूल कटघोरा से 46 स्काउट्स, गाइड्स तथा प्रभारी लीडर के तौर पर स्काउट मास्टर देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम, रोवर लीडी राजीव साहू, गाइड केप्टिन द्वय सावित्री पुलस्त, ममता सोनवानी ने भागीदारी की। स्काउट्स गाइड्स ने स्काई साइक्लिंग, जिप लाइन, रॉक क्लाइंबिंग एवं रॉफलिंग, बोटिंग, आर्चरी, रायफल शूटिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। ट्रैकिंग के माध्यम से प्राकृतिक अध्ययन किया गया।

### खाद्य आपूर्ति व परिवहन की निगरानी हेतु बने नियंत्रण कक्ष

**कोरबा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नवां रायपुर से प्राप्त निर्देशों के तहत जिले में आवश्यक वस्तुओं, विशिष्ट केरोसिन तथा डीज़ल/पेट्रोल के सुचारु वितरण और परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों, सुझावों तथा आवश्यक जानकारी का संकलन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन हेतु जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें श्रीमती उर्मिला गुप्ता, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 7869990067), पारस सोनी, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 9479045059), रवि कुमार यादव, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 8319129386), सुरेश लांजी, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 7723954059), नवीन तिवारी, सहायक प्रबंधक (मोबाइल 7879818309) तथा पंकज कुमार अग्रवाल, खाद्य शाखा (मोबाइल 8319363959) शामिल हैं।

# जैन समाज ने मनाई भगवान महावीर स्वामी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैन समाज की ओर से भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा पुराने बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर तक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में 'जियो और जीने दो सत्य और अहिंसा' जैसे प्रेरणादायक संदेशों पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल की गईं, जिन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आमजन ने इन झांकियों का अवलोकन कर जैन समाज की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता भी देखने को मिली, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा की गरिमा को और बढ़ाया। शहर का माहौल पूरी तरह धर्ममय और उत्साहपूर्ण बना रहा। शोभायात्रा के सफल संचालन में ट्रैफिक पुलिस, कोतवाली थाना एवं सीएसईबी चौकी के पुलिस स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे आयोजन की भव्यता और अधिक बढ़ गई।



शोभायात्रा निकालते हुए जैन समाज के सदस्य।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 2545 करोड़...

जाता है, लेकिन निर्धारित लक्ष्य से हमेशा से ज्यादा राजस्व देने वाला कोरबा का खनिज विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़ गया था। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग को 32 सौ करोड़ का लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में विभाग ने 2156 करोड़ का राजस्व की वसूली कर पाया था जो कुल राजस्व का 67.37 फीसदी है। राजधानी में बैठे खनिज विभाग के वरिष्ठ अफसरों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में के लिए राजस्व लक्ष्य को कम करते हुए 2545 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया था और इस राजस्व लक्ष्य को हासिल करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व में खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक व उनकी टीम लगातार काम कर रही थी लेकिन पिछले कुछ महीनों में राजस्व लक्ष्य से पिछड़ने की वजह से ऐसा लग रहा था कि इस वर्ष खनिज विभाग 75 से 80 फीसदी ही राजस्व लक्ष्य को हासिल कर पायेगा। जिस तरह से खनिज विभाग की टीम ने अंतिम महीने में राजस्व लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम किया है। यही वजह है कि 2545 के राजस्व लक्ष्य के एवज में खनिज विभाग ने 2266 करोड़ राजस्व लक्ष्य हासिल कर लिया है। खनिज उपसंचालक ने बताया कि विभाग ने लगभग 90 प्रतिशत राजस्व लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

### बीते वर्ष के...

को नहीं मिली है। बीते वर्ष 2025 के अगस्त माह तक ही कमीशन राशि का भुगतान हुआ है। सितंबर माह से दिसंबर माह तक की कमीशन राशि के लिए दुकान संचालकों का प्रतिनिधिमंडल कई मर्तबा खाद्य विभाग के अधिकारियों से मिल चुका है। जिन्हें मार्च महीने तक पूरा भुगतान मिलने का आश्वासन दिया गया था। सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने के बाद भी दुकान संचालकों को उनकी बिक्री की कमीशन राशि नहीं मिल सकी है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शासन की ओर से जानकारी मांगी गई थी। विभाग के द्वारा कमीशन राशि से संबंधित सभी जानकारियां भेज दी गई हैं।

### मंत्री के काफिले...

से फोन पर बात की और बच्चों को तत्काल छोड़ने के निर्देश दिए। बाद में पुलिस ने नाबालिक बच्चों के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।

# महिलाओं की शिकायतों के निराकरण में सहायक साबित होगा महिला थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिलाओं पर घटित अपराध में त्वरित कार्रवाई के लिए जिले में महिला थाना मंगलवार को खोला गया। आईजी ने महिला थाना का उद्घाटन किया। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने जांजगीर प्रवास के दौरान सायबर अपराधों की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस बीच डिजीटल साक्ष्यों के सुरक्षित रख रखाव को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किए।

जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार 31 मार्च को बिलासपुर रेंज के महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने जांजगीर में महिला थाना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला थाना ना केवल महिलाओं के शिकायतों का तुरंत निराकरण में सहायक होगी, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और विश्वासपात्र वातावरण भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि संचार साथी मोबाइल एप के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा "संचार साथी" मोबाइल एप एवं पोर्टल शुरू किया गया है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### जागृति शाखा को उत्कृष्ट शाखा से किया गया सम्मानित



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रांत की सभी शाखाएं सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा कोरबा को जनसेवा मानवसेवा एवं मंचीय कार्यक्रमों के उत्कृष्ट एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। शाखा को उत्कृष्ट शाखा सम्मान एवं सक्रिय शाखा के रूप में सम्मानित किया। जागृति शाखा कोरबा की अध्यक्ष दुर्गा बजाज के कुशल नेतृत्व में उनकी पूरी टीम मेंबर के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर समर कैंप एग्ज़ीविशन, अमृतधारा धार्मिक कार्यक्रम शिक्षक दिवस एवं बाल दिवस जैसे अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है।

### सरपंच ने कोयला मंत्री प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने क्षेत्र के प्रभावित किसानों के साथ मिलकर स्थानीय विधायक प्रेमचंद पटेल के माध्यम से कोयला मंत्री एवं प्रधानमन्त्री के नाम ज्ञापन दिया गया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली कृषि एवं आवासीय भूमि का एसईसीएल दीपका क्षेत्र के द्वारा 2004-2010 में अधिग्रहण किया गया है एवं 2025 में अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसमें लगभग 212 एकड़ कृषि भूमि को अधिग्रहण से बाहर रखा गया है। प्रभावित किसान न तो उस जमीन पर खेती कर पायेंगे और न ही मकान बना पायेंगे। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### राशि स्वीकृत होने के 6 माह बाद भी नहीं शुरु हो सका गोदाम



**कोरबा।** चैतमा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के मांग पर खाद भंडारण के लिए गोदाम की स्वीकृति 6 महीने पूर्व मिली थी किंतु काम आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है। वर्तमान में मात्र एक गोदाम है जिसमें कृषि कार्य में उपयोग होने वाले सभी खाद का भंडारण नहीं हो पता है जिसके कारण किसानों को समय में महंगे दामों पर बीज की खरीदी करनी पड़ती है। जिसे देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा चैतमा में 6 माह पूर्व 19 लाख रुपए की लागत से गोदाम निर्माण हेतु स्वीकृत हुआ था जिसकी पहली किश्त निकल भी जा चुकी है किंतु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। दो-तीन माह बाद बारिश का मौसम आ जाएगा तथा कृषि कार्य भी आरंभ हो जाता है ऐसे में गोदाम के अभाव में खाद का भंडारण हो पाना असंभव दिख रहा है। क्षेत्रीय किसानों को इस वर्ष भी मनचाही खाद बीज के लिए भटकना पड़ सकता है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानिकपुर के आश्रित मोहल्ला साजबहरी में पंचायत चुनाव से पूर्व मंच निर्माण के लिए जनपद मध्य से 3 लाख रुपए स्वीकृति हुई थी उसमें से भी पहली किस्त निकाल लिया गया है किंतु कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रबंधक कमल दुबे ने बताया कि खाद बीज भंडारण के लिए जगह के अभाव के कारण गोदाम बनाने के लिए मांग की गई थी जो स्वीकृत भी हो चुका है किंतु कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जिससे आने वाले दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### टू-लेन सड़क बनने से 5 किमी कम हो जाएगी बालको की दूरी

**कोरबा।** शहर के तहसील रोड को सीधे बालको नगर के नजदीक रिंग रोड से जोड़ने डिंगापुर होते हुए 1.87 करोड़ रुपए की लागत से टू-लेन सड़क बनेगी। इसके लिए जमीन समतलीकरण शुरू कर दिया गया है। सड़क बनने से तहसील रोड से डिंगापुर होकर वाहन सीधे रिंग रोड के डेंगुरनाला के पास पहुंचेंगे। इससे तहसील रोड से बालको नगर की दूरी 5 किमी घट जाएगी। वहीं बालको नगर से तहसील, आरटीओ ऑफिस, लेबर ऑफिस समेत मेडिकल कॉलेज अस्पताल व सड़क निर्माण के लिए जमीन समतल की गई है। पीजी कॉलेज पहुंचना आसान हो जाएगा।

### लोक सेवा केन्द्रों में होगी आवेदनों की जांच

**कोरबा।** आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से संबंधित आवेदनों की जांच और प्रविष्टि शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से की जाए और इन सेवाओं का समयबद्ध निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कोटवारों के माध्यम से कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।

# बालको के उन्नति उत्सव में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने उन्नति परियोजना के अंतर्गत वार्षिक उन्नति उत्सव 2026 का आयोजन किया। इसमें स्व सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं सहित लगभग 8सौ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

बालको के सीईओ एवं मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने कहा कि उन्नति उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उन्नति परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय रूप से सक्षम बनाना और उन्हें अपनी अभिव्यक्ति के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है। यह पहल एक समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में बालको की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बालको इस परियोजना के माध्यम से लगातार प्रयासरत है ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकें। बालको के सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों तथा विशिष्ट अतिथि मनीषा कुमार द्वारा 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। कोसाकारी ब्रांड फिल्म और वेबसाइट का भी अनावरण किया गया, जो स्थानीय कोसा सिल्क को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही महिलाओं की सफलता पर आधारित उन्नति महासंघ की पहली पत्रिका सृष्टि का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया। अतिथियों ने वेदांता स्किल स्कूल, मोर जल मोर माटी, आरोग्य, उन्नति, तीरंदाजी एवं नंद घर के स्टॉल का अवलोकन किया, जहां पर बालको के सामुदायिक विकास की विस्तृत जानकारी दी जा रही थी। उत्सव में चाक की मदद से मिट्टी के बर्तन बनाने तथा कोसा सिल्क से साड़ी बुनाई का स्टॉल आंगतुकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था। इस अवसर पर बालको लेडिज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार सहित कंपनी के वरिष्ठ एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बालको की उन्नति परियोजन' इसी परिवर्तन की सशक्त मिसाल है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। परियोजना का संचालन सोशल रिवाइवल ऑफ ग्रुप अर्बन रूरल एंड ट्राइबल (स्त्रोत) के सहयोग से किया जा रहा है।

## 15 महिलाओं का किया गया सम्मान

**खास बात**

- परियोजना के माध्यम से महिलाओं की सशक्त पहचान बनाने का क्षेत्र में हो रहा है कार्य



## उद्योग मंत्री व महापौर ने बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

# समाज को सच का आइना दिखाने का कार्य करते हैं पत्रकार : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पत्रकारबंधु एक ऐसा दर्पण होते हैं, जो समाज को सच का आईना दिखाने का कार्य करते हैं। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पत्रकारिता का मूलमंत्र है, समाचार पत्रों में जो छपता है, मीडिया में जो दिखता है, आमजन मानस उसे ही सच मानकर चलता है, अतः यह आवश्यक है कि समाचारों में निष्पक्षता, पारदर्शिता व निर्भीकता होनी ही चाहिये। प्रेस क्लब कोरबा एक ऊर्जावान संस्था है, जो पत्रकारिता व पत्रकारबंधुओं के हितों की रक्षा के लिये निरंतर कार्य कर रही है।

**खास बात**

- एलईडी प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीवी, साउंड सिस्टम का हुआ लोकार्पण



लोकार्पण समारोह के दौरान उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रेस क्लब में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने दिये गये अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि जब मैं कोरबा का महापौर था, उस समय प्रेस क्लब का निर्माण किया गया, उस समय भी और आज भी नगर निगम कोरबा द्वारा प्रेस क्लब के विकास व अन्य गतिविधियों के लिये लगातार सहयोग दिया जा रहा है, विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इस मौके पर पत्रकारबंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे सदैव आप लोगों का स्नेह, आशीर्वाद व मार्गदर्शन मिलता आया है, मैं विश्वास रखता हूं कि आपका यह प्यार, स्नेह भविष्य में भी मुझे निरंतर प्राप्त होता रहेगा। इस दौरान वार्ड क्र. 35 खरमोरा डाईट बिल्डिंग तिलक नगर पत्रकार कालोनी के समीप एनटीपीसी के सीएसआर मद से 15 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, जिसका वर्चुअल भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 24 तिलक भवन प्रेस क्लब में पार्षद पंकज देवांगन के पार्षद मद से एलईडी प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीव्ही, साउण्ड सिस्टम व स्क्रीन स्थापना आदि का कार्य कराया गया है। कोरबा प्रेस क्लब के स्थापना दिवस के अवसर पर तिलक भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने अलग-अलग विषयों पर पत्रकारों को अपना वक्तव्य दिए। इस मौके पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने वरिष्ठ पत्रकारबंधुओं का साल व श्रीफल से सम्मान किया।

# सांत्वना फाउंडेशन सोसाइटी ने प्याऊ सेवा का किया शुभारंभ



प्याऊ का शुभारंभ करते सोसायटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ (शीतल जल सेवा) का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों, राहगीरों एवं यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल परिसर (2 प्याऊ), सीएसईबी चौक एवं मुड़ापार चौक, घंटाघर चौक निहारिका में कुल 6 निःशुल्क प्याऊ प्रारंभ किए गए हैं, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को गर्मी में राहत मिलेगी। इस अवसर पर संतवना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वर्गीस एवं संस्था के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना की। सुनील वर्गीस ने कहा कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण कार्य है। संतवना फाउंडेशन आगे भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करता रहेगा। संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छ, ठंडा एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध रहे तथा नियमित रूप से उनकी देखरेख की जाए।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की बिगड़ी तबीयत संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले में रहने वाला एक 35 वर्षीय युवक अद्तन शराबी था और नशे की लत की वजह से परिजनों ने उसे शहर के एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। जहां उसकी अचानक तबियत बिगड़ी और तबियत बिगड़ने पर नशा मुक्ति केंद्र द्वारा उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं परिजनों ने नशा मुक्ति प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**खास बात**

- पड़ोसी जिला सक्ती बाराद्वार से कुछ दिन पहले ही हुआ था भर्ती







मृतक

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति थाना बाराद्वार के ग्राम केसला में निवासरत सुरेंद्र राठौर उम्र 35 वर्ष पिता चुन्नीलाल राठौर आदतन शराबी था। नशे की लत की वजह से सुरेंद्र के पिता चुन्नीलाल ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबाहर खरमोरा में संचालित जीवन आशा नशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन के संचालक राजू राजपूत द्वारा चुन्नीलाल से संपर्क किया गया था और 26 मार्च को उसके गृह ग्राम जाकर उसे अपने कार में लाया गया था और उसे पोड़ीबहार स्थित खरमोरा जीवन आशा नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किया गया था। बताया जाता है कि सोमवार की शाम सुरेंद्र राठौर के अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद जीवन आशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन द्वारा सुरेंद्र राठौर को जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने सुरेंद्र राठौर को मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत जीवन आशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन द्वारा सुरेंद्र राठौर के परिजनों को इसकी सूचना दी गई थी जहां सुरेंद्र राठौर के परिजन चुन्नीलाल जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचे थे जहां उन्होंने जीवन आशा नशा मुक्ति केंद्र फाउंडेशन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पीएम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सुरेंद्र की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### समोसा का पैसा मांगने पर होटल संचालक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** होटल संचालक से बिना पूछे से ही समोसा खा लेने तथा संचालक द्वारा पैसा मांगने पर युवक ने संचालक की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम अनरोखा निवासी हीरामन राजवाडे आ.स्व. चमरकेश्वर राजवाडे (45 वर्ष) गांव के ही चौराहे के समीप होटल का संचालन करता है। रविवार की शाम लगभग 4.30 बजे पत्नी के साथ होटल में था तभी बांधपारा निवासी राम कुमार पैकरा आया और होटल संचालक से बिना पूछे ही एक समोसा उठाकर खा लिया। समोसा खाने पर होटल संचालक हीरामन ने पैसा की मांग की तो राम कुमार पैसा देने से इनकार करते हुए विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि राम कुमार ने गाली-गलौज करते हुए होटल संचालक के साथ मारपीट करते हुए सिर पर ईंट से वार कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

# जनगणना तक अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनगणना 2027 के महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने हेतु कोरबा जिला प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी शुरू की गई है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा अभियान की गंभीरता को देखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी निर्देशानुसार जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार के व्यवधान को रोकने और अपरिहार्य परिस्थितियों में प्राप्त होने वाले अवकाश आवेदनों के विधिवत निराकरण हेतु जिला स्तर पर एक समीक्षा समिति का गठन किया गया है। यह समिति जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले अवकाश आवेदनों की गहन समीक्षा करेगी और अपनी अनुशंसा के साथ प्रस्ताव अंतिम निर्णय हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगी। गठित समिति में तुलाराम भारद्वाज को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर को सदस्य सचिव तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी हेमंत जायसवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि जनगणना में जिले के प्रत्येक शासकीय सेवक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल विशेष और अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही समिति की अनुशंसा के आधार पर अवकाश पर विचार किया जाएगा, ताकि गणना कार्य की निरंतरता बनी रहे।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 13 दिन | 4.00 | 52.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 2018 से किया जा रहा है मातृछाया का संचालन

# सेवा भारती में आयोजित हुआ दत्तक ग्रहण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा भारती कोरबा के मातृछाया परिसर में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत गोद भराई की रस्म के साथ दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पूर्ण कर एक परिवार को बच्चे को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती श्रद्धा पांडेय के साथ उपस्थित रहे। साथ ही बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम पाठक, सेवा भारती कोरबा के अध्यक्ष डा. विशाल उपाध्याय एवं श्रीमती प्रीति उपाध्याय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डा. विशाल उपाध्याय ने सेवा भारती की स्थापना (रामनवमी 2018) से लेकर वर्तमान तक के विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम पाठक ने दत्तक ग्रहण एवं फोस्टर केयर की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। मुख्य अतिथि अजय पांडेय ने कहा कि वेदों में वर्णित नर सेवा ही नारायण सेवा का भाव सेवा भारती कोरबा द्वारा सार्थक रूप में निभाया जा रहा है। उन्होंने मातृछाया में सेवा दे रही यशोदा माताओं के समर्पण की सराहना करते हुए दत्तक ग्रहण करने वाले परिवार को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान गोविंद माधव द्वारा एकल गीत एवं श्रीमती रेखा सिंह द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन गोविंद माधव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती से जुड़े अन्य सेवाभावी कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही।





कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के अध्यक्ष व पार्षद।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशिः-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411